संख्या–cm-298
04/06/2020

# मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को नियंत्रित करने एवं रोजगार सृजन के कार्यो की उच्चस्तरीय समीक्षा की, मुख्यमंत्री के निर्देश

- ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की योजनाओं पर विशेष ध्यान दें। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को जल्द से जल्द लाभ दिलायें। मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना के तहत भी लोगों को तेजी से लाभ दिलायें। मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग से समीक्षा कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।

- ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में बची हुयी सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुये उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूरा करे। ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति की शर्तों के अनुरूप सड़कों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत चल रही एवं शेष बची योजनाओं को जल्द पूरा करें। मुख्य सचिव ग्रामीण कार्य विभाग से समीक्षा कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।

- मॉनसून के आगमन की संभावना को देखते हुये बाढ़ निरोधक कार्यों/सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूरा करें। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बचाव के लिये जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दें।

- रोजगार सृजन के कार्यों का लगातार अनुश्रवण करते रहें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। श्रम प्रधान योजनाओं को प्राथमिकता में रखते हुये कार्य करें।

- ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में कोरोना संक्रमण के प्रति काफी जागरूकता है। जागरूकता अभियान को और वृहत पैमाने पर चलाकर जन–जन को सचेत एवं सतर्क रखना है। कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझते हुये लोग वर्तमान परिस्थिति में संयम रखें, कोरोना से डरें नहीं। मास्क का प्रयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

लक्षण दिखने पर बिना छिपाये तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सूचित करें। 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, अन्य गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं तथा 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देकर उन्हें सुरक्षित रखना है।

- लाउडस्पीकर के माध्यम से जन–जन तक जागरूकता अभियान चलायें। पोस्टर, रेडियो, अखबार, टेलीविजन के जरिये भी इसका प्रचार–प्रसार किया जाय कि लोग कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्क एवं सजग रहें।

- बाहर से आये श्रमिकों के परिवारों को जीविका स्वयं सहायता समूहों से शीघ्र जोड़ें, जिससे उन्हें राज्य में चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी मिलने के साथ–साथ उसका लाभ मिले। जीविका के माध्यम से बिहार की महिलायें काफी जागृत हुयी हैं, उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आत्मनिर्भर हुयी हैं।

- हम चाहते हैं कि सब लोग स्वस्थ रहें। इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। लोगों में जागृति रहेगी तो समस्या नहीं होगी। समाज में प्रेम, सद्‌भाव एवं भाईचारा बनाये रखें।

पटना, 04 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को नियंत्रित करने एवं रोजगार सृजन के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की योजनाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को जल्द से जल्द लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाय। मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना के तहत भी लोगों को तेजी से लाभ दिलायें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि ग्रामीण विकास विभाग से समीक्षा कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में बची हुयी सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूरा किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति की शर्तों के अनुरूप सड़कों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित हो। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत चल रही एवं शेष बची योजनाओं को जल्द पूरा कराया जाय। इसक लिये मुख्य सचिव ग्रामीण कार्य विभाग से समीक्षा कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉनसून के आगमन की संभावना को देखते हुये बाढ़ निरोधक कार्यों एवं सुरक्षात्मक कार्यों को तत्काल पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बचाव के लिये जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि रोजगार सृजन के कार्यों का लगातार अनुश्रवण करते रहें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि श्रम प्रधान योजनाओं को प्राथमिकता में रखते हुये कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में कोरोना संक्रमण के प्रति काफी जागरूकता है। जागरूकता अभियान को और वृहत पैमाने पर चलाकर जन–जन को सचेत एवं सतर्क रखना है। मुख्यमंत्री ने अपील करते हुये कहा कि कोरोना संक्रमण की गंभीरता को समझते हुये लोग वर्तमान परिस्थिति में संयम रखें, कोरोना से डरने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोग मास्क का प्रयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। लक्षण दिखने पर बिना छिपाये तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सूचित करें। उन्होंने कहा कि 65 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, अन्य गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं तथा 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देकर उन्हें सुरक्षित रखना है।

मुख्यमंत्री ने लाउडस्पीकर के माध्यम से जन–जन तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोस्टर, रेडियो, अखबार, टेलीविजन के जरिये भी इसका प्रचार–प्रसार किया जाय कि लोग कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्क एवं सजग रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से आये श्रमिकों के परिवारों को जीविका स्वयं सहायता समूहों से शीघ्र जोड़ें, जिससे उन्हें राज्य में चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी मिलने के साथ–साथ उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से बिहार की महिलायें काफी जागृत हुयी हैं, उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आत्मनिर्भर हुयी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि सब लोग स्वस्थ रहें। इसके लिये सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। लोगों में जागृति रहेगी तो समस्या नहीं होगी। समाज में प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारा बनाये रखें।

******